(ख) 1,095

(ग) 2,09,514.00 रुपये प्रति माह ।

बामनवास (भरतपुर) टेलीफोन कनेक्शन

3819. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या संचार मंत्री यह बतानें की कृपा करेंगे कि :

(क) बामनवास (भरतपुर) के कितने लोगों और सरकारी कार्यालयों की टेलीफोन कनेक्शनों की मांग अभी तक पूरी नहीं की गई है;

(ख) उन्हें टेलीफोन कनेक्शन कब दिये जाने की संभावना है

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) बामनवास में एक सरकारी और नौ गैर-सरकारी व्यक्तियों की टेलीफोन कनेक्शन की मांग प्राप्त हुई है ।

(ख) सम्बन्धित पार्टियों को डिमाण्ड नोट पहले ही भी भेजे जा चुके हैं और यदि समय के भीतर अदायगी कर दी गई तो आशा है कि इन टेलीफोन कनेक्शनों की व्यवस्था फरवरी 1968 के दौरान हो जायेगी ।

भरतपुर जिले में सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय

3820. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गधमोरा, मलारना, डूंगर और केला देवी, सीवाद (भरतपुर) में सार्वजनिक टेलीफोन कार्यालय खोलने की मंजूरी दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो यह कार्य कब आरम्भ होने और पूरा होने की सम्भावना है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल) : (क) सीवाद (सीवार) में एक सार्वजनिक टेलीफोन घर खोलने की मंजूरी दी जा चुकी है । शेष तीन स्थानों पर ऐसी किसी योजना को मंजूरी नहीं दी गई है ।

(ख) सामान की आम कमी होने के कारण इस समय यह बताना सम्भव नहीं है कि इस कार्य के समाप्त होने में कितना समय लगेगा । आवश्यक सामान के उपलब्ध होते ही यह कार्य शुरू कर दिया जायगा ।

भरतपुर जिले में टेलीफोन केन्द्र

3821. **श्री मीठा लाल मीना :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भरतपुर जिले में करौली, चाकसू और चौथ-का-बरवारा में टेलीफोन केन्द्र स्थापित करने के लिये मंजूरी दिये जाने के बावजूद भी वहां पर अब तक टेलीफोन नहीं लगाये गये हैं;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) नये टेलीफोन कब तक लगाये जाने की सम्भावना है ?

संसद-कार्य विभाग तथा संचार विभाग में राज्य मंत्री (श्री इ० कु० गुजराल): (क) जी हां ।

(ख) सामान और भवन के लिए उपयुक्त स्थान प्राप्त करने में हुई देरी ।

(ग) करौली और चाक्सू म मार्च 1968 तक तथा चौथ-का-बरवारा में 1968 के मध्य तक ।

CURTAILMENT OF ALLOWANCE TO BRANCH POSTMASTERS IN RAMANATHAPURAM DISTRICT

3822. **SHRI KIRUTTINAN :** Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the *ad hoc* increase in allowance of Rs. 15.50 sanctioned to all the Extra Departmental officials in the Postal Department has been curtailed in the case of Branch Post Masters working in the Ramanathapuram District, Madras State;

(b) if so, the reasons therefor;

(c) whether the curtailment of the allowance has been extended to both 'A' Non-teacher Branch Post Masters and 'B' Teacher Branch Post Masters;